प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री शताब्दी समारोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारतीय नीति के बारे में विश्व को कड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री देश के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक शख्सियतों नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद पर आज नई दिल्ली में आयोजित शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए कोई भी स्थान अब सुरक्षित नहीं है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के रक्षा निर्णय अब राष्ट्रीय हित के मुद्दों को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसी तथ्य का प्रमाण है, जहां पर भारतीय सशस्त्र बलों ने भारत में बने हथियारों का इस्तेमाल करके सिर्फ 22 मिनट में ही दुश्मन को आत्म समर्पण करने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत में बने रक्षा उपकरणों को जल्द ही वैश्विक मान्यता मिलेगी।

संविधान—हत्या दिवस

कल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था। ये भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

आपातकाल—भाजपा

इस बीच प्रदेश भाजपा कल आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। पार्टी के प्रदेश महासचिव त्रिलोक कपूर ने बताया कि इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत कल धर्मशाला में केंद्रीय सहकारिता और सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में पौधारोपण, प्रैस वार्ता, काल्पनिक संसद का उद्घाटन और सेमिनार व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

शामिल है। इसी प्रकार 26 जून को शिमला में केंद्रीय अल्पसंख्यक व संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से भाग लेंगे।

बम धमकी

देशभर के न्यायिक परिसरों को ई–मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके चलते प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला में भी बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि इस दौरान कोई भी विस्फोटक सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

वीरभद्र श्रद्धांजलि

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला ज़िले के रामपुर स्थित पदम पैलेस में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह एक प्रखर राजनेता और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में वीरभद्र सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।

मॉनसून

प्रदेश के सभी भागों में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने आज से दस्तक दे दी है। इसके चलते राज्य के अनेक भागों में आज वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आज से 30 जून तक राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इस दौरान लाहौल–स्पिति और किन्नौर ज़िलों को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऊना, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर व बिलासपुर के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

होमगार्ड

प्रदेश में वर्ष 2015 के बाद पहली बार होमगार्ड की भर्ती की जा रही है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा विभाग में होमगार्ड के 7 पद भरने को मंजूरी दी है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में इस समय होमगार्ड स्वयंसेवकों की संख्या 8 हज़ार है। राज्य सरकार ने नए होमगार्ड स्वयंसेवकों के पारिश्रमिक और अन्य संबंधित लागतों के लिए 24 करोड़ रूपये का बजट आबंटित किया है।

.................................